जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-5 | जयपुर, सोमवार, 2 फरवरी, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## गणतंत्र दिवस पर वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी हुए सम्मानित

**ऋषिकेश (हमारा वतन)**

शिक्षा के साथ पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता के अलख जगाने वाले शिक्षक डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शंभू पासवान व नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल ने नगर के स्वच्छता में अहम योगदान के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र दिया। जिसे पीएम श्री राइका आईडीपीएल ऋषिकेश के प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह, राज्यमंत्री गिरीश डोभाल व चमफूवा माता दरबार के उपासक मन्तोष भिगवाण ने प्रशस्ति पत्र व स्मृति



चिन्ह से वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को सम्मानित किया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र सिंह रावत, कैंप सहयोगी माधुरी रावत तथा एनएसएस के स्वंसेवियों को भी सम्मानित किया। डॉ. सोनी ने प्रधानाचार्य, राज्यमंत्री व माँ चमफुवा के उपासक को पौधा उपहार में भेंट किया तथा प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह का पौधा व शॉल ओढ़ाकर डॉ. सोनी ने सम्मानित किया और विद्यालय परिसर में आंवला के पौधे का रोपण किया।

छात्रों ने जय जयकर के नारे लगाकर प्रभात फेरी निकाली और प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह ने झंडा रोहण किया तथा एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वंयंसेवियों ने सलामी दी। छात्र छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट के विकास में तत्परता से अपना योगदान देने की बात कहीं। वहीं राज्यमंत्री गिरीश डोभाल ने राष्टहित सर्वोपरी मानते हुए देशहित में कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम में विजयपाल सिंह, ज्योति किरन लोहनी, नरेंद्र गुलेरिया, ललित मोहन जोशी, शीला राणा, हरेंद्र राणा, आभा भट्ट, रेखा पंवार,सुशील रावत, शगुन, अमन, विष्णु, विजय, सचिन आदि मौजूद रहे ।



## प्रदेशाध्यक्ष डॉ.महेंद्र कुमावत का गोविंदगढ आगमन पर हुआ स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत का गोविंदगढ आगमन पर पावर हाउस के सामने माला व साफा बंधवाकर स्वागत किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान में चलाई जा रही लोक कल्याणकरी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना है। साथ ही सम्पूर्ण ओबीसी समाज को साथ लेकर पार्टी से जोड़ना है।

स्वागत कार्यक्रम में पूर्व सरपंच गोपाल डेनवाल, गौ रक्षक दल अध्यक्ष शेरसिंह कुमावत, जगदीश धीजपुरिया, दिनेश धीजपुरिया, उमेश कुमावत, महेंद्र देवन्दा, रामस्वरूप कुमावत, पार्षद अनीता कुमावत, जयपुर शहर ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष चेतन धुन्धारिया, अनिल कुमावत, विजय कुमावत, लोकेश डेनवाल सहित कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## डीसीएम जयपुर स्थित डॉक्टर्स कॉलोनी में मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)**

डीसीएम जयपुर स्थित डॉक्टर्स कॉलोनी, टंकी वाले पार्क में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विकास समिति के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस राष्टीय उत्सव पर एच.सी. गणेशिया कानूनविद्, अखिल भारतीय संयुक्त ब्राह्मण समन्वय समिति के राष्टीय प्रवक्ता डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा, बाबा S.K.J ज्वैलर्स के संस्थापक मधुसूदन शर्मा आदि गणमान्य महानुभव एवं बड़ी संख्या में कॉलोनी वासियों ने उपस्थित होकर राष्टीय उत्सव में भाग लिया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भिन्न-भिन्न झांकियां डॉक्टर अनु अग्रवाल, डॉक्टर एस.के.अग्रवाल और सुनीता गोयल के नेतृत्व में आयोजित किए गए। जिससे कार्यक्रम में चार चांद लग गए। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से प्रतिभागियों का




उत्साह वर्धन किया । मधुसूदन शर्मा ने अपने उद्बोधन में कॉलोनी में ऐसा आयोजन पहली बार देखा कहकर अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी की भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉक्टर सुरेश चंद शर्मा ने कहा कि इससे बालकों की प्रतिभा एवं नेतृत्व क्षमता का विकास होगा, भाईचारा बढ़ेगा। कानूनविद् एच.सी. गणेशिया ने सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक वितरण किया। अनिल शर्मा ने मंच संचालन सुंदर ढंग से किया। कमल किशोर भारद्वाज ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। शिशुपाल चौधरी एवं उमाशंकर त्रिपाठी की देखरेख में कुलवंत राम, माधवराव, हेमराज, महेश दीक्षित, मनमोहन खुटेटा, राधे श्याम द्वारा सभी को मिठाई वितरित की गयी ।

## अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**जयपुर (हमारा वतन)**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के गिरिराज नगर स्थित अजंता वर्ल्ड सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विनायक दल के राष्टीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेडा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर झंडारोहण किया और उपस्थित बच्चों में देशभक्ति के भाव जागृत किए। स्कूल के निदेशक डॉक्टर मालीराम यादव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी पंकज शर्मा, जान्हवी गर्ल्स हॉस्टल की निदेशक सुषमा यादव, संभागीय शिक्षा अधिकारी मुरारी लाल यादव, व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की।स्कूल प्राचार्य संगीता तिवाडी ने बताया कि स्कूल के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति




से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की। उपस्थित लोगों ने जमकर तालियां बजाई। साथ ही स्कूल में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले स्टूडेंट का भी सम्मान किया गया। राष्टीय अध्यक्ष बजरंग सिंह काचरेडा के पौत्र अभिनन्दन सिंह का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन ललित सैनी ने किया।

गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान स्कूल स्टाफ अनुराग शर्मा, योगेश शर्मा, मदन लाल यादव, पूजा शर्मा, मंजू सैनी, इंद्रा शर्मा, रेखा अग्रवाल, मोनिका बागोरिया, गीता नासना, रचना बागोरिया सहित बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे।



## गणतंत्र दिवस पर अनिल मारोठिया को मिला जिला स्तरीय सम्मान

**सीकर (हमारा वतन)।** गणतंत्र दिवस समारोह में सीकर जिले में लगातार 13 वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन कर 500 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित करवाने पर दांतारामगढ तहसील के जीणमाता निवासी अनिल मारोठिया को जिला स्तर पर सम्मानित किया गया। मारोठिया ने अपने भाई स्व. संदेश मारोठिया की पुण्यतिथि पर प्रतिवर्ष लगातार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करने और रक्त की कमी को अस्पताल में पूर्ति करने और जिले के युवाओं को रक्तदान के प्रति प्रेरित कर करने जैसे महत्वपूर्ण योगदान दिया है ।

अनिल मारोठिया ने बताया कि छोटे भाई की आकस्मिक दुर्घटना में अस्पताल में रक्त नहीं मिलने की कमी की प्रेरणा से प्रतिवर्ष रक्तदान शिविर करने का निर्णय लिया जिसमें क्षेत्र वासियों का संपूर्ण सहयोग रहता है। अब तक 13 बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हो चुका है जिसमें प्रत्येक रक्तदान शिविर में 400 से 500 यूनिट रक्त संग्रहण होता है।

पहले भी रक्तदान शिविर आयोजित करने और जागरूकता के महत्वपूर्ण प्रयासों में उपखंड स्तर पर प्रशासन द्वारा सम्मानित किया गया है और साथ ही कई सामाजिक संस्थाओं से भी सम्मानित होने का गौरव प्राप्त है।

# प्रिंस एजुकेशन ग्रुप में हुआ प्रेरणादायी सेमिनार का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**

प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के तत्वावधान में संचालित प्रिंस कॉम्पीटिशन क्लासेज में PC SAT (Admission cum Scholarship Test) के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर एक प्रेरणादायी सेमिनार का सफल आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल आर्थिक सहयोग प्रदान करना, बल्कि उन्हें सही मार्गदर्शन एवं प्रेरणा देना रहा।

PC SAT परीक्षा में विद्यार्थियों के लिए आकर्षक नकद पुरस्कार रखे गए, जिसमें 51,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार प्रमुख रहा। इसके अतिरिक्त 21,000 रुपए, 11,000 रुपए सहित अन्य कई नगद पुरस्कार भी घोषित किए गए। परीक्षा में सभी प्रमुख विषयों के प्रश्नपत्र शामिल थे, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक एवं प्रतियोगी क्षमता का समग्र मूल्यांकन किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।




सेमिनार में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. डॉ. बी.सी. जाट, प्रो. डॉ. प्रवीण, डॉ. भारती तथा सुरेश यादव (सहायक निदेशक) उपस्थित रहे। प्रो. डॉ. प्रवीण ने अपने संबोधन में योग एवं ध्यान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग और ध्यान के माध्यम से जीवन की प्रत्येक परीक्षा को सफलतापूर्वक पार किया जा सकता है। इससे मानसिक एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मबल में वृद्धि होती है।

डॉ. भारती ने कहा कि प्रिंस एजुकेशन ग्रुप विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को एक नई दिशा देगा। सहायक निदेशक सुरेश यादव ने विद्यार्थियों को संदेश देते हुए कहा कि स्व अनुशासन, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त की जा सकती है।

संस्थान के प्राचार्य राजेश गोड़ ने आने वाले समय में संचालित किए जाने वाले विभिन्न पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि RAS फाउंडेशन से लेकर NET-JRF एवं अन्य सभी प्रमुख प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एक ही मंच पर उपलब्ध कराई जाएगी।

अंत में प्रिंस एजुकेशन ग्रुप के निदेशक एवं चेयरमैन कैलाश चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान का लक्ष्य कम खर्च में गुणवत्तापूर्ण एवं परिणामोन्मुख शिक्षा विद्यार्थियों तक पहुँचाना है।



# चौमूं सैनी समाज सभा भवन में हुआ झंडारोहण

**चौमूं (हमारा वतन)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौमूं शहर के रींगस रोड स्थित सैनी समाज सभा भवन में झंडारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। झंडारोहण कार्यक्रम के बाद सभी समाज बंधुओं को मिठाई वितरित की गई।

इस दौरान समाज सुधार की बातों पर चर्चा कर देश के विकास में भागीदार बनने की अपील की गई। समाज के प्रबुद्धजनों ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को हमारे देश का संविधान लागू हुआ था। महात्मा ज्योतिबा फुले ने माता सावित्रीबाई फुले के साथ शिक्षा की अलख जगाई थी। शिक्षा ही वह धन है जिससे समाज आगे बढ़ सकता है, इसलिए युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करें ताकि देश निर्माण में भागीदार बन सके। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में समाज बन्धु मौजूद रहे।

# राजस्थान खादी संघ खादीबाग चौमूं में मनाया गणतंत्र दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)।** राजस्थान खादी संघ खादीबाग चौमूं में 77 वाँ गणतंत्र दिवस मनाया गया। संघ अध्यक्ष ललित कुमार सैनी ने झंडारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया। अंत में सभी को मिठाई वितरित की गयी।



इस दौरान संघ के अकाउंटेंट सियाराम शर्मा, संचालक मंडल के सदस्य मनोहर लाल मीणा, रामलाल चौधरी, व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार, विष्णु शर्मा,महादेव गुलिया, कार्यकर्ता महेश कुमार शर्मा, महेश कुमार व्यास, मदन कुमावत, प्रकाश सैनी, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, राधा मोहन गुप्ता, सुरेश कुमार शर्मा, अर्जुन लाल जाट, चंद्र प्रकाश, अर्जुन, भादर खान, रोहित, समीर, सुजल, प्रियांशी, यशु आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गणगौरी हॉस्पिटल

# 15 साल की बच्ची के पेट में बनी गांठःचलने और सांस लेने में होती थी तकलीफ



**जयपुर।** जयपुर के गणगौरी हॉस्पिटल में 15 साल की बच्ची के पेट से बड़ी गांठ निकाली गई। डॉक्टरों का कहना है कि अमूमन इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी गांठ बनना चौंकाने वाला है। मरीज को गांठ के कारण चलने-फिरने और सांस लेने में तकलीफ होने लगी थी। इसके बाद उसके परिजन उसे लेकर हॉस्पिटल पहुंचे थे। बच्ची का 21 जनवरी को सफल ऑपरेशन किया गया था। वहीं करीब 5 दिन ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद बच्ची को छुट्टी दी गई।

**बच्ची का पेट फूलकर बढ़ गया था-** पं. दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल गणगौरी बाजार के अधीक्षक डॉ. लीनेश्वर हर्षवर्धन और सीनियर सर्जन डॉ. मुकेश शर्मा ने बताया- 15 साल की जयपुर निवासी बच्ची 17 जनवरी को हॉस्पिटल की ओपीडी में दिखाने पहुंची थी। बच्ची का पेट फूलकर बहुत बढ़ गया था। उसे खाने-पीने के साथ चलने और सांस लेने में तकलीफ थी। इसके बाद बच्ची की सोनोग्राफी सहित अन्य जांचें की तो पता चला। कि पेट में बड़ी गांठ (35 बाई 28 सेंटीमीटर) है। ये गांठ पेलवीस से होकर डायफ्राम तक फैली थी।



# डॉक्टर सुषमा यादव महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं निवासी डॉक्टर सुषमा यादव को अखिल भारत वर्षीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्ति दी है।

डॉक्टर सुषमा यादव को समाज बंधुओं ने बधाई दी है। प्रदेश सचिव बनने पर सुषमा यादव ने कहा कि मैं इस पद पर रहकर सर्व समाज को साथ लेकर कार्य करूंगी।

# अर्जुन लाल सैनी आमेर तहसील अध्यक्ष नियुक्त

**जयपुर (हमारा वतन)।** गणतन्त्र दिवस के पावन पर्व पर अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के जयपुर जिला उपाध्यक्ष नेमीचन्द सैनी ने अचरोल निवासी अर्जुन लाल सैनी को आमेर तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया है ।



जिला उपाध्यक्ष नेमीचन्द सैनी ने नियुक्ति पत्र सौंपकर एवं आईकार्ड पहनाया और निष्ठा से मानवहित, मानव कल्याण हेतु कार्य करते रहने की शपथ दिलाई। अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के उद्देश्यों जैसे अन्याय, भ्रष्टाचार, महिला शोषण, रिश्वतखोरी, अवैध्य वसूली आदि के विरुद्ध कार्य करते रहने की जानकारी देकर उज्जवल भविष्य की कामना की।

यह नियुक्ति संभाग कार्यकारी अध्यक्ष कमलेश सैनी मैड की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीराज गुप्ता के हस्ताक्षर से जारी की गयी ।






## जॉब्स

1. आरएसएमएसएसबी, पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 804, अंतिम तिथि 25 फरवरी 2026
2. सुप्रीम कोर्ट, पद लॉ क्लर्क, पद संख्या 90, अंतिम तिथि 7 फरवरी 2026
3. आरएसएमएसएसबी, पद लिपिक ग्रेड सेकंड/ कनिष्ठ सहायक, पद संख्या 10644, अंतिम तिथि 13 फरवरी 2026
4. आरएसएमएसएसबी, पद एग्रीकल्चर सुपरवाइजर, पद संख्या 1100, अंतिम तिथि 11 फरवरी 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 2 मार्च 2026
6. बीएसएनएल, पद सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 7 मार्च 2026
7. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सर्कल बेस्ड ऑफिसर, पद संख्या 2050, अंतिम तिथि 18 फरवरी 2026
8. हरियाणा लोक सेवा आयोग, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 102, अंतिम तिथि 26 फरवरी 2026

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री



77 वें

# गणतंत्र दिवस

## 26 जनवरी

के पावन पर्व पर समस्त प्रदेशवासियों को

## हार्दिक शुभकामनाएँ

### राज्य स्तरीय मुख्य समारोह

26 जनवरी, 2026 | प्रात: 9:30 बजे | सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर

**आप सभी सादर आमंत्रित हैं।**

"प्रदेशवासियों को **77 वें गणतंत्र दिवस** के पावन अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। देशभर में 'वंदे मातरम' राष्ट्र गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर उत्सव भी मनाए जा रहे हैं। आइए, इस अवसर पर हम विकसित भारत की दिशा में कदम से कदम मिलाते हुए समृद्ध राजस्थान का निर्माण करे। जय हिन्द!"

**भजनलाल शर्मा, मुख्यमंत्री, राजस्थान**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

टिकिट

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या खाक लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

### भारी न पड़ जाए गाइडलाइन पर गुस्सा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के ख़िलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है। दरअसल नए नियमों में जातिगत भेदभाव का मतलब केवल अनुसूचित जाति यानी एससी, अनुसूचित जनजाति यानी एसटी और अन्य पिछड़ा वर्ग यानी ओबीसी के खिलाफ भेदभाव बताया गया है। विवाद इसी को लेकर है । सामान्य वर्ग के छात्रों और छात्र संगठनों का आरोप है कि यह परिभाषा


राम गोपाल सैनी

एकतरफा है और इसमें सामान्य वर्ग के खिलाफ भेदभाव या झूठी शिकायतों का कोई जिक्र नहीं है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी की जनवरी में जारी गाइडलाइन के ख़िलाफ़ देशभर के छात्रों और शिक्षाविदों के एक बड़े तबके में भारी रोष दिख रहा है। प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस रेगुलेशंस, 2026 यानी उच्च शिक्षण संस्थानों में समानता को बढ़ावा देने के नियम को लेकर सामान्य वर्ग आशंकित है। उसका कहना है कि यह गाइडलाइन निष्पक्ष नहीं है, और इसके ज़रिए सामान्य वर्ग के छात्रों का उत्पीड़न हो सकता है। इस मामले में जारी विवादों पर चर्चा से पहले नए नियमों को भी देख लेना चाहिए। नए नियमों में भेदभाव को पूरी तरह अनुचित, पक्षपाती व्यवहार माना गया है। इसके तहत प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ही नहीं, जाति, धर्म, नस्ल, लिंग, जन्मस्थान, या विकलांगता जैसे आधार पर भी भेदभाव ग़लत माना गया है। इस नियम में शिक्षा में समानता को बाधित करने वाले या मानवीय गरिमा का उल्लंघन करने वाले हर काम को ग़लत माना गया है। इस गाइडलाइन के तहत हर उच्च शिक्षण संस्थान को समान अवसर केंद्र यानी ईओसी स्थापित करना जरूरी होगा। इस केंद्र का उद्देश्य संस्थान में समता, सामाजिक समावेशन एवं समान पहुँच को बढ़ावा देना तो होगा ही, साथ ही शैक्षणिक परिसरों में भेदभाव से संबंधित शिकायतों का समाधान करना भी होगा। इस गाइडलाइन के अनुसार, हर संस्थान को ईओसी के तहत एक समता समिति बनानी होगी, जिसका अध्यक्षता संस्थान का प्रमुख होगा । समिति में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, दिव्यांग व्यक्ति और महिला का प्रतिनिधित्व जरूरी होगा , ताकि समावेशी निर्णय-प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।सामान्य वर्ग की आशंका की वजह है, पहले से लागू एससी और एसटी कानून, जिसके गलत इस्तेमाल को लेकर सुप्रीम कोर्ट भी टिप्पणी कर चुका है। उसके तहत बिना वजह झूठे आरोपों के चलते सामान्य जीवन ही नहीं, बल्कि सरकारी दफ्तरों तक में सामान्य वर्ग के लोगों के ख़िलाफ़ झूठे मामले दर्ज किए गए हैं और उन्हें बिना वजह प्रताड़ना और गिरफ्तारी तक झेलनी पड़ी है। उसी आलोक में यूजीसी के इस नए नियम का विरोध हो रहा है ।आलोचकों का मानना है कि इस नियम के मुताबिक़ जो इक्विटी कमेटियां यानी समानता समितियां बनेंगी, वे शायद ही निष्पक्ष रहे। यह भी कहा जा रहा है कि समानता समितियों को इस नियम के तहत जो शक्तियां दी गई गईं हैं, उन्हें सामान्य वर्ग के छात्रों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है। विरोध कर रहे छात्रों का यह भी कहना है कि अगर कोई गलत शिकायत दर्ज करता है, तो उसे सजा देने का प्रावधान नहीं है, इससे सामान्य वर्ग के छात्रों के लिए असुरक्षित माहौल बन सकता है। सामान्य वर्ग के बड़ा तबका इस नियम के दुरूपयोग को लेकर आशंकित हो उठा है। इसी आशंका ने वह विक्षुब्ध हो चुका है। उसका मानना है कि ये नियम शिक्षा सुधार के बजाय परिसरों में ना सिर्फ जातिवाद को बढ़ावा देगा, बल्कि सामाजिक विभाजन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# धूमधाम से मनाया क्षेत्रपाल महाराज का 21वां पाटोत्सव

**चौमूं (हमारा वतन)**

चौमूं शहर के सामोद रोड, गीधा वाली कोठी स्थित क्षेत्रपाल महाराज का 21 वां पाटोत्सव बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। श्री मां वैष्णो देवी मंदिर के महंत कैलाश भगत ने बताया कि तंवर परिवार द्वारा आज क्षेत्रपाल महाराज का पाटोत्सव मनाया गया।



इसमें नरसिंहपुरी महाराज, भगवानपुरी महाराज, डीवाईएसपी प्रदीप शर्मा, व्यापार मंडल के अध्यक्ष पवन सैनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एससी मोर्चा गुलजारी गंगवाल, रवि शर्मा डिफेंस एकेडमी, शिवसेना के हरिनारायण सैनी, माली समाज विकास समिति अध्यक्ष हीरालाल सैनी, युवा नेता अनुराग शर्मा, सुनील शर्मा, डॉ. मुकेश यादव, राजेश शर्मा सहित सभी गणमान्य अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया गया।

इस दौरान क्षेत्रपाल महाराज की फूलों से मनमोहक झांकी सजाई गई। भजन संध्या में गायक कलाकारों द्वारा मधुर भजन सुनाए गए। मधुर भजनों की धुन पर उपस्थित श्रद्धालु नाचने लगे। शाम को प्रसादी का आयोजन किया गया।

पाटोत्सव में किशन लाल तंवर, रामलाल तंवर, भगवान सहाय, भंवर लाल, अमरचंद, सायर सिंह तंवर, रतनलाल, मक्खन लाल, मुकेश, रमेश, मदन सैनी पारु कंस्ट्रक्शन, अशोक सैनी, बाबूलाल सैनी, कैलाश तंवर, कन्हैयालाल सैनी, महेश सैनी, सुभाष, राहुल, ताराचंद ,फूलचंद , सौरव सहित समस्त तंवर और श्री मां वैष्णो देवी मंदिर परिवार के सभी सदस्य मौजूद रहे।



### पीएचईडी कार्यालय में सेवानिवृत होने पर प्रदेश उपाध्यक्ष अजय चौहान ने दी बधाई

**जालोर (हमारा वतन)।** सहायक जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगर उपखण्ड जालोर कार्यालय में गंगा सिंह के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में अधिकारी कर्मचारी ने उनके सेवाकाल को याद करते हुए कार्यशैली की सराहना की।

इस अवसर पर भारतीय जलदाय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय चौहान ने गंगा सिंह को फूलमाला पहनाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि गंगा सिंह ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा, लग्न और ईमानदारी से दायित्वों का निर्वहन किया, जो विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा। समारोह में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



### राजस्थान आइसस्टॉक स्पोर्ट टीम का जयपुर पहुंचने पर हुआ स्वागत

**जयपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य की आइसस्टॉक स्पोर्ट टीम 12वीं राष्ट्रीय आइसस्टॉक स्पोर्ट चैंपियनशिप से 17 सिल्वर, 5 गोल्ड और 11 ब्रॉन्ज़ मेडल जीतकर मंगलवार सुबह जयपुर पहुंची।

टीम के जयपुर पहुंचने पर आइसस्टॉक एसोसिएशन ऑफ राजस्थान की जनरल सेक्रेटरी साक्षी शर्मा ने सभी खिलाड़ियों का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। एसोसिएशन की अन्य पदाधिकारी में रोहन कुमावत, रोहित कुमावत ने खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए उन्हें मिठाई खिलाई और मेडल जीतने के लिए शुभकामनाएं दीं।

टीम इंचार्ज समीर शर्मा को उनकी मेहनत और खिलाड़ियों की सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गई। टीम के खिलाड़ियों की सूची जिन्होंने मेडल जीते - गजानंद, अजय, हर्षित, धर्मवीर - ब्रॉन्ज़ मेडल (सिनियर मेन), प्रतिमा, सोनिया, सिमरन, सलोनी - 4 गोल्ड, 8 सिल्वर (सिनियर फीमेल), अंशुल, तनिश, समीर, आर्यन - 8 सिल्वर, 1 गोल्ड (जूनियर ब्वॉयज)।

### जिला स्तर पर अनिल सैनी का हुआ सम्मान

**जयपुर (हमारा वतन)।** सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर में कार्यरत अनिल सैनी को 77 वें गणतंत्र दिवस पर उनके उत्कृष्ट कार्य, समर्पण एवं विभागीय दायित्वों के कुशल निर्वहन के लिए जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी द्वारा सम्मानित किया गया।




सैनी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी कार्यशैली विभाग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम में विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

Mohan Lal Jitarwal
Jaisingh Jitarwal
मोनिका प्रिन्टर्स
थाना मोड़, चौमूँ
WE DESIGN , PRINT & PROMOTE...YOU !
फ्लैक्स/विनायल | ऑफसेट प्रिन्टिंग | पोस्टर / पम्पलेट | बिल-बुक | लेटर हेड
शादी कार्ड | सवामणी कार्ड | स्क्रीन प्रिन्टिंग | विजिटिंग कार्ड | आई - कार्ड
हमारे यहाँ प्रिन्टिंग से सम्बन्धित सभी कार्य उचित रेट पर किये जाते है
तथा चुनाव से सम्बन्धित सामग्री उचित रेट पर तैयार की जाती है ।
एक बार सेवा का मोका अवश्य दें
Contact Us: 9785850646, 8946910073, 7610022192
monikaprinters68@gmail.com

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादक: सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।